Health & Wealth
We Manage Both

alankit LIMITED

19th February, 2024

**BSE Limited**
P. J. Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400001

**The National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, 5th Floor,
C-1, Block G, Bandra – Kurla Complex,
Bandra (E),
Mumbai – 400051

**Scrip Code: 531082**

**Symbol : ALANKIT**

Dear Sir/Ma'am,

**Sub: Submission of Public Notice with respect to convening of an Extra-ordinary General Meeting of the Company**

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('Listing Regulations'), read together with Part A of Schedule III thereto, please find enclosed herewith, a copy of the newspaper advertisement with respect to convening of an Extra-ordinary General Meeting of the Company, published by way of advertisements on 18th February, 2024, in the Financial Express in English and in Haribhoomi in Hindi.

The advertisement is in regard to intimation of Extra-ordinary General Meeting of the Company scheduled to be held on March 11, 2024, through VC / OAVM.

This is for your information and records.

Thanking you.

Yours faithfully,

**For ALANKIT LIMITED**

MANISHA SHARMA

Digitally signed by MANISHA SHARMA
DN: c=IN, o=ALANKIT LIMITED, ou=COMPANY SECRETARY, 2.5.4.20=343b09e8a40988fd46ae47e78a6642ddb74021939bc8028e90b4d0b76489001b, postalCode=110055, st=DELHI, serialNumber=1c789ab6b1eaeb18d54873ded01380a3f054be68125670184d7d90bd80fe3c64, cn=MANISHA SHARMA
Date: 2024.02.19 15:39:34 +05'30'

**MANISHA SHARMA**
**COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER**
**A58430**

CIN : L74900DL1989PLC036860
**Registered Office :** 205-208, Anarkali Complex, Jhandewalan Extension, New Delhi -110055, India
**Corporate Office :** Alankit House, 4E/2, Jhandewalan Extension, New Delhi -110055, India
**Phone :** +91-11-4254 1234 / 2354 1234 I **Fax :** +91-11-2355 2001 I **Website :** www.alankit.in I **email :** info@alankit.com, investor@alankit.com

Listed on the National Stock Exchange (NSE) and the Bombay Stock Exchange (BSE)

# जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम: शादी के लिए बन रहा पंडाल गिरा, 29 लोग घायल

## 18 एम्स और 11 सफदरजंग अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




साउथ दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम के गेट नंबर दो के पास शादी के लिए तैयार किया जा रहा पंडाल शनिवार को अचानक से गिर गया। इस घटना के समय वहां बड़ी संख्या में लोग पंडाल लगाने के काम में लगे थे।

एनडीआरएफ और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची और घायल लोगों को निकालकर सफदरजंग और एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया। हादसे में 29 लोग घायल हुये हैं। पुलिस के मुताबिक हादसे की सूचना सुबह करीब 11 बजे मिली। पुलिस, दमकल विभाग की टीम जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम गेट नंबर दो के पास पहुंची। बाद में एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शुरुआत में 10 से 12 लोगों के दबे होने की सूचना मिली थी। हादसे की चपेट में आए अधिकांश लोग मजदूर बताये गए हैं। जांच पड़ताल में पता चला कि यह पंडाल कुछ दिनों बाद एक कारोबारी के घर में होने वाली शादी के लिए तैयार किया जा रहा था। कई दिन से पंडाल का ढांचा लगाया जा रहा था। बाकायदा, इस पंडाल की देखरेख में लिए इंवेंट मैनेजमेंट की ओर से सिक्युरिटी गार्ड की ड्यूटी भी लगायी गई थी। लोहे व लड़की का मिला जुला स्ट्रक्चर बनाया गया था। टेंट लगाने का कार्य तेजी से चल रहा था। पंडाल किन कारणों से गिरा इसकी जांच की जा रही है। गार्ड के रूप में तैनात मुरारी लाल यादव ने कहा कि हादसे से कुछ देर पहले काफी संख्या में लोग खाना खाने चले गए थे, वरना घायलों की संख्या ज्यादा होती। पुलिस का कहना है कि 18 एम्स और 11 लोग सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाये गये थे। शाम तक एक शख्स को छोड़कर बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पंडाल की बुकिंग राजेश नामक शख्स द्वारा की गई थी।

## सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के निकट मालगाड़ी पटरी से उतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है। बचाव कार्य के लिए रेलवे पुलिस और दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।अधिकारी ने कहा कि मालगाड़ी में लोहे की शीट के रोल लोड किए गए थे। पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### जाफरपुर कलां: स्कॉर्पियो कार पर फायरिंग

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के जाफरपुर कलां में एक शख्स की कार पर दो राउंड फायरिंग करने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस शिकायत पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बताया कि एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें कॉलर बोल रहा था कि मेरी गाड़ी पर दो राउंड फायर किये गये हैं। पुलिस घटना स्थल काजीपुर गांव के प्राइमरी स्कूल के पीछे पहुंची जहां एक स्कार्पियो कार सड़क किनारे खड़ी मिली। ड्राइवर साइड का शीशा टूटा हुआ था। बांयी ओर के फ्रंट दरवाजे से गोली चलाने की आशंका जताई गई। कार के मालिक जितेंद्र यादव (35) पुत्र तेजपाल निवासी काजीपुर गांव ने बताया कि वह पपरावत रोड, नजफगढ़ मेडिकल स्टोर चलाता है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है।

### नाबालिग की हत्या करने वाले तीन किशोर पकड़े

**नई दिल्ली।** नेब सराय इलाके में एक नाबालिग की हत्या के आरोप में तीन किशोरों को पकड़ लिया गया है। वारदात में इस्तेमाल दो चाकू भी इनसे बरामद हुये हैं। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 15 फरवरी को इस वारदात की सूचना मिली थी। पुलिस घटनास्थल यानी अस्थल मंदिर, एमएनडीपी स्कूल, संगम विहार के पास पहुंची जहां सड़क पर बहुत सारा खून और दो चाकू पड़े हुए थे। घायल को पहले ही अस्पताल ले जाया जा चुका था। मौके पर कोई चश्मदीद गवाह नहीं मिला था। पूछताछ करने पर घायल की पहचान रोहन (39) निवासी संगम विहार के रूप में हुई। पेट में चाकू के कई वार के कारण सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। जांच के दौरान पता चला कि आपसी रंजिश के कारण वारदात की गई है। मृतक के परिवार से भी गहन पूछताछ की गई। इसके अलावा, टीम ने अपराध स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए और उनका विश्लेषण किया। पता चला कि तीन युवकों ने अपराध को अंजाम दिया है। तकनीकी उपकरणों के माध्यम से उनकी तस्वीरें विकसित की गई और अन्य विवरण एकत्र किए गए। मामले के सभी उपलब्ध पहलुओं पर काम करते हुये टीम आरोपी तीन नाबालिगों तक पहुंच गई।

## इलाके में अवैध रुप से चल रही फैक्ट्रियों की होगी जांच

# अलीपुर अग्निकांड में फैक्ट्री मालिक की भी मौत, सभी मृतकों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अलीपुर पेंट फैक्ट्री आग में मारे गए सभी 11 लोगों की पहचान पुलिस द्वारा कर ली गई है। मरने वालों में फैक्ट्री मालिक अशोक कुमार जैन (62) भी शामिल है। पुलिस का कहना है कि बुरी तरह से झुलसे शवों की पहचान करना इतना आसान नहीं था। किसी की अंगूठी तो किसी की कड़े से पहचान की गई।

मृतकों के नाम राम सूरत सिंह, विशाल, अनिल ठाकुर, पंकज कुमार, शुभम, मीरा, बृज किशोर कृपा शंकर, राम प्रवेश कुमार और हरीश चंदर यादव शामिल है। इस केस की जांच में पुलिस को फैक्ट्री से भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ भी मिला है। बहरहाल, पुलिस फैक्ट्री मालिक के बेटे से पूछताछ कर जांच को आगे बढ़ा रही है। दूसरी तरफ इस हादसे की चपेट में आकर घायल हुई ज्योति, दिव्या, मोहित सोलंकी और दिल्ली पुलिस कांस्टेबल कर्मवीर को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। पुलिस के मुताबिक आठ शवों को पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को परिजनों के हवाले कर दिया गया। शनिवार को तीन अन्य शवों की शिनाख्त हरीश चंदर, कृपा शंकर और राम प्रवेश के तौर पर की गई। घटनास्थल से पुलिस को कई मशीनें और लोहे के ड्रम जली हालत में मिले थे। अलीपुर थाने में तैनात एक सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें बताया गया कि आग के समय चल रहे बचाव कार्य के दौरान रुक रुक कर कई विस्फोट भी हुए थे। फैक्ट्री मालिक अशोक कुमार जैन की हादसे में मौत होने के बाद अब उनके बेटे अखिल जैन से पूछताछ की जा रही है। यह फैक्ट्री साल 2017 से चल रही थी। इस फैक्ट्री में बेटे की कोई भूमिका है या नहीं यह अभी जांच का विषय है। पुलिस ने अखिल से फैक्ट्री से जुड़े दस्तावेजों को उपलब्ध कराने के लिए बोला है। अब पुलिस इस एरिया में चल रही अन्य अवैध फैक्ट्रियां की जांच करने की बात कह रही है। सूत्रों का कहना है कि कुछ लोगों ने तो पुलिस एक्शन से बचने के लिए फैक्ट्री बंद कर अपने कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया है। इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने पुलिस को बताया यहां सैकड़ों से ज्यादा फैक्ट्री अवैध रुप से चल रही हैं। इनमें चॉकलेट, चप्पल और पेंट बनाने वाली फैक्ट्रियां ज्यादा हैं।

## मुआवजे की मांग कर रहें हैं प्रभावित लोग

### लाखों रुपयों में नुकसान, जल्द भरपाई करे सरकार

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली देहात के अलीपुर स्थित पेंट फैक्ट्री में गुरुवार शाम को लगी आग को याद करते ही आसपास के लोग सहम उठते हैं। शनिवार को मौके पर पहुंच जब इस बारे में बात की तो स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी भयंकर थी कि अंदर कुछ भी बचना असंभव था और हुआ भी ऐसा ही।

बता दें कि आग में 11 लोगों की मौत हो गई थी और चार लोग घायल हो गए। वहीं, आग से प्रभावित हुए आसपास के लोगों ने शनिवार को बताया कि कैमिकल होने के चलते आग की लपटों ने आसपास के कई घरों व वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। वहीं, फैक्ट्री के सामने नशा मुक्ति केंद्र संचालक अनिल कुमार ने बताया कि जिस समय आग लगी उस समय नशा मुक्ति केंद्र में करीब बीस लोग थे और उन्हें छत पर ले जाकर पीछे से बाहर निकाला गया। इस दौरान सभी की जान तो बच गई है लेकिन उनका लाखों में नुकसान हो गया है। इसी तरह आसपास में जो दुकानें व घर थे, उनको भी लाखों में नुकसान की आशंका जताई जा रही हैं। प्रभावित लोगों का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को आए थे और मुआवजा देने की घोषणा की थी लेकिन प्रभावित लोगों की संपत्ति को हुए भारी नुकसान का अभी तक कोई सर्वे नहीं किया गया है। हमारी सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द सर्वे किया जाए।

### उड़-उड़ कर गिर रहे थे कैमिकल के ड्राम

नशा मुक्ति केंद्र संचालक अनिल कुमार ने बताया कि फैक्ट्री के सामने ही उनका नशा मुक्ति केंद्र है। फैक्ट्री में जब आग लगी तो अंदर रखें हुए ड्राम उड़ उड़ कर गिरने लगे जिसके चलते गली और मकानों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की कुछ समझ ही नहीं आ रहा था कि क्या करें।

### सीएम केजरीवाल ने किया था दौरा

सीएम अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा था कि जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उन सभी के परिवारजनों को दिल्ली सरकार की तरफ से 10-10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा जो लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं, उनको को दो-दो लाख रुपए और मामूली रूप से झुलसे लोगों को 20-20 हजार रुपए दिए जाएंगे। साथ ही, इस आग की चपेट में आने से आसपास की जो दुकानें और घर जल गए हैं, उसके नुकसान का आंकलन किया जाएगा और पॉलिसी के अनुसार उनको मुआवजा दिया जाएगा। इस संबंध में संबंधित जिलाधिकारी को निर्देश दिया जा चुका है। इसके अलावा, लोगों का जो भी नुकसान हुआ है, उसकी भी सरकार पॉलिसी के अनुसार भरपाई करेगी। सीएम केजरीवाल ने कहा था किसी की मौत की कोई कीमत नहीं लगा सकते हैं। हम अपनी तरफ से जो भी मदद कर सकते हैं, वो मदद करेंगे।

## ऑल इंडिया रेडियो में जॉब का दिया था झांसा, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पार्लियामेंट थाने में दर्ज एक चीटिंग के केस में शामिल रहे आरोपी को दिल्ली कैंट थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसने ऑल इंडिया रेडियो में जॉब का झांसा देकर ठगी की थी। आरोपी का नाम दिनेश तिवारी बताया गया है। यह गोल मार्केट दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार हेड कांस्टेबल आकाश यादव को इसके बारे में सूचना मिली थी। इसके आधार पर छानबीन करती हुई एसएचओ विपिन कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने छापा मारकर इसे धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि इसके खिलाफ चीटिंग का मामला 2021 में दर्ज हुआ था। पार्लियामेंट स्ट्रीट थाना की पुलिस टीम उसी मामले में इसकी तलाश कर रही थी। पिछले साल पटियाला हाउस कोर्ट ने इसे भगौड़ा भी घोषित कर दिया था। पुलिस को पता चला कि आरोपी खुद को ऑल इंडिया रेडियो में ऑफिसर बताकर नौकरी दिलवाने का झांसा देता था। उसी मामले में इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ था।

Alankit
**अलंकित लिमिटेड**
**CIN: L74900DL1989PLC036860**

**पंजीकृत कार्यालय** : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055, भारत ;
**कार्पोरेट कार्यालय** : "अलंकित हाउस" 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
**Telephone:** 011-42541234;
**Website:** www.alankit.in; **E-mail:** investor@alankit.com.

**सूचना**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अलंकित लिमिटेड ('दि कम्पनी') की एक असाधारण सामान्य बैठक ('ईजीएम') सोमवार, 11 मार्च 2024 को अप. 3.30 बजे उक्त बैठक आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेसेज का निष्पादन करने के लिये वीडियो कांफ्रेंसिंग ('वीसी') अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

कोविड-19 महामारी के फैलने के मद्देनजर, कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी इसके सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, सरकुलर नं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और इसके पश्चात सरकुलर नं. 20/2020 दिनांक 05 मई 2020 और सरकुलर नं. 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021 तथा समय-समय पर जारी सभी अन्य सम्बद्ध सरकुलर्स के तहत कम्पनी मामलों का मंत्रालय ('एमसीए') किसी कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कांफ्रेंसिंग ('वीसी') सुविधा अथवा अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से सामान्य बैठक ('दि मीटिंग') आयोजित करने के लिये कम्पनियों को अनुमति दे चुका है। कम्पनी अधिनियम, 2013 ('एक्ट'), सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ('लिस्टिंग रेगुलेशंस') और एमसीए सरकुलर्स के प्रावधानों के अनुपालन में, कम्पनी की असाधारण सामान्य बैठक ('ईजीएम') वीसी/ओएवीएम के माध्यम से सोमवार, 11 मार्च 2024 को अप. 3.30 बजे आयोजित की जाएगी। ईजीएम के लिये डीम्ड स्थल कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय होगा।

उपरोक्त सरकुलर्स के अनुसार, कम्पनी की ईजीएम आयोजित करने की सूचना सदस्यों को केवल इलैक्ट्रोनिक मोड (अर्थात ई-मेल) के माध्यम से भेज दी गई है, जो अपनी ई-मेल आईडी डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) / कम्पनी के पास पंजीकृत करवा चुके हैं। कम्पनी ईजीएम की सूचना का प्रेषण शनिवार, 17 फरवरी 2024 को पूर्ण कर चुकी है।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के अनुसार। भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवालयी मानक (एसएस-2) और लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस के नियमन 44 के अनुसार कम्पनी इसके सदस्यों को दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये सुविधा प्रदान करने के लिये प्रसन्न हैं। कम्पनी इसके सदस्यों को ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिये एजेंसी के रूप में नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की सेवाएं ले चुकी है। अधिनियम और सम्बन्धित नियमों के अनुसार ई-वोटिंग से सम्बन्धित विवरण निम्नानुसार हैं :-

1. ईजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सभी बिजनेसेज जो दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से निष्पादित किये जा सकते हैं।
2. दूरस्थ इलैक्ट्रोनिक वोटिंग शुक्रवार, 08 मार्च 2024 को पूर्वा. 9.00 बजे, आईएसटी प्रारम्भ होगी और रविवार 10 मार्च 2024 को अप. 5.00 बजे आईएसटी समाप्त होगी। उक्त तिथि व समय के पश्चात दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
3. सदस्यों के मतदान अधिकार सोमवार, 04 मार्च 2024 ('कट-ऑफ तिथि') के अनुसार कम्पनी की भुगतान की गई इक्विटी शेयर कैपिटल में उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और ईजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि के अनुसार शेयरधारण करता है, evoting@nsdl.co.in अथवा manishas@alankit.com को एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करके दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत दे सकता / सकती है। यद्यपि, यदि ऐसा सदस्य ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले ही पंजीकृत हैं, तो मतदान करने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जाएगा।
4. केवल वे सदस्य जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होंगे, परन्तु दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा पहले ही अपना मतदान नहीं कर चुके हैं, ईजीएम में ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने के लिये पात्र होंगे।
5. दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने के लिये पात्रता सुनिश्चित करने के लिये कट-ऑफ तिथि सोमवार, 04 मार्च 2024 ('कट-ऑफ तिथि') है।
6. कोई सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मतदान अधिकार का उपयोग करने के पश्चात भी ईजीएम में भाग ले सकता है, परन्तु ईजीएम में दोबारा मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
7. कोई व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरी द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वह दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा।
8. ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.alankit.in पर प्रदर्शित की जाएगी और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट्स अर्थात www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट अर्थात www.nseindia.com, और एनएसडीएल की वेबसाइट अर्थात www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होगी।
9. तरीका जिसमें सदस्य डिमैटीरिलाइज्ड रूप में अथवा भौतिक रूप में शेयरधारण करने वाले अथवा जो अपने डिपॉजिटरी / कम्पनी के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं, सदस्यों द्वारा मतदान करने का तरीका ईजीएम की सूचना में प्रदान किया जाएगा।
10. दूरस्थ ई-वोटिंग के सम्बन्ध में किसी प्रश्न / शिकायत के मामले में, शेयरधारक, शेयरधारकों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूएस) और एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट के डाउनलोड्स सेक्शन के तहत उपलब्ध शेयरधारकों हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी महात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चतुर्थ तल, कमला मिल्स कम्पाउंड, लोअर परेल, मुम्बई-400013 से सम्पर्क कर सकते हैं टोलफ्री नं. 1800 1020 990 / 1800 22 44 30 अथवा ई-मेल आईडी : evoting@nsdl.co.in

**ई-मेल पतों के पंजीकरण का तरीका :**

भौतिक मोड में धारित शेयरों के मामले में, कृपया अपनी ई-मेल आईडी अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के पास 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 में अद्यतन करवाएं। डिमैट मोड में धारित शेयरों के मामले में, कृपया अपनी ई-मेल आईडी आपके सम्बद्ध डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अद्यतन करवाएं।

कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/-
मनीषा शर्मा
कम्पनी सचिव

दिनांक : 17 फरवरी 2024
स्थान : नई दिल्ली

# एयरपोर्ट पर ब्लास्ट की धमकी देने वाला गिरफ्तार

## 19 दिन तक दिल्ली और बिहार में की गई छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पर बलास्ट की कॉल करके सनसनी फैलाने वाले आरोपी को पुलिस ने लंबी दौड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कापसहेड़ा से गिरफ्तार किया गया। लेकिन पुलिस उसकी तलाश में बिहार तक घूम आई। इसका नाम कृष्णा महतो बताया गया है।

मूलतः बिहार के पश्चिमी चंपारण के रहने वाले इस शख्स ने नशे में कॉल की थी। बाद में फोन बंद कर लिया था। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि 28 जनवरी को शाम 5:11 पर पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल मिली थी। जिसमें कॉलर ने कहा था कि मैं एयरपोर्ट पर ब्लास्ट कर दूंगा। सूचना के बाद पुलिस टीम अलर्ट हो गई थी। एयरपोर्ट पर फूल इमरजेंसी डिक्लेयर कर दिया गया था। सर्च ऑपरेशन में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था। इसे हॉक्स कॉल करार दिया गया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की। एसीपी वीरेंद्र मोर की देखरेख में एसएचओ बिजेंदर राणा आदि की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस से पुलिस ने मदद ली। जिस नंबर से कॉल किया गया था वह स्विच ऑफ हो गया था। लेकिन 18 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी के मूल ठिकाने के बारे में पता लगाया। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले स्थित सोमगढ़ गांव में पुलिस ने छापा मारा लेकिन आरोपी वहां नहीं मिला। परिवार वालों से पूछताछ हुई तो पता चला कि वह मोबाइल नंबर कृष्णा महतो ही यूज कर रहा है। परिवारवालों ने यह भी बताया कि 28 जनवरी के बाद उसका फैमिली से कोई संपर्क नहीं हुआ। पुलिस वापस दिल्ली पहुंची और कापसहेड़ा बॉर्डर इलाके से उसे दबोच लिया।



## नाले किनारे रजाई में लिपटा शव मिला

**नई दिल्ली।** रणहौला इलाके में एक युवक की हत्या कर दी गई। शनिवार को रजाई में लिपटा हुआ शव नाले के किनारे मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उम्र 25 वर्ष के आसपास बताई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आसपास के इलाके से लापता लोगों के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है ताकि पहचान हो सकें। पुलिस के अनुसार मृतक की गर्दन पर रस्सी बंधी हुई थी। शरीर पर चोट के कई निशान मिले है। सुबह कूड़ा बीनने वाले ने शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी थी। रणहौला थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। आशंका जताई गई है कि हत्या कहीं और कर शव यहां ठिकाने लगाया गया है।

## प्रवर्तन निदेशालय के समन का पालन नहीं करने के मामले में सुनवाई

# कोर्ट ने केजरीवाल को दी शनिवार को व्यक्तिगत पेशी से छूट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज कराई गई एक शिकायत के संबंध में उन्हें शनिवार को अदालत के समक्ष व्यक्तिगत पेशी से छूट की मंजूरी दे दी। प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी शिकायत में कहा था आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में केजरीवाल, खुद को भेजे गए समन का पालन नहीं कर रहे हैं।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को तब यह राहत दी जब आप नेता वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश हुए और उन्होंने दिन भर के लिए व्यक्तिगत पेशी से छूट का अनुरोध किया। केजरीवाल ने अदालत को बताया कि दिल्ली विधानसभा का सत्र जारी है और ऐसे में वह अदालत के समक्ष पेश होने में असमर्थ हैं। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता ने अदालत को बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अगली तारीख पर प्रत्यक्ष तौर पर पेश होंगे। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 16 मार्च निर्धारित की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जानबूझकर समन का पालन नहीं कर रहे हैं और 'बेवजह के बहाने' बना रहे हैं। शिकायत में कहा गया है कि अगर उनके जैसा उच्च पदस्थ जन प्रतिनिधि कानून की अवहेलना करता है तो इससे आम आदमी के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित होगा। न्यायाधीश ने पूर्व में कहा था कि शिकायत के विषय और रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से, प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 174 के तहत अपराध बनता है और आरोपी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार है। आरोपी अरविंद केजरीवाल को आईपीसी की धारा 174 के तहत अपराध के मामले में 17 फरवरी 2024 को पेश होने के लिए समन जारी करें। धारा 174 किसी लोक सेवक के आदेश का पालन नहीं करने से संबंधित है।ईडी ने समन का पालन नहीं करने पर केजरीवाल के खिलाफ तीन फरवरी को एक नयी शिकायत दर्ज कराई थी। 'आप' संयोजक ने पहले ईडी को पत्र लिखकर उन्हें जारी किए गए समन को 'अवैध और राजनीति से प्रेरित' बताया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि समन का उद्देश्य उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोकना है।

## दृष्टिबाधित महिला शिक्षक के मामले में डीयू सहानुभूतिपूर्वक विचार करे : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से कहा है कि वह दृष्टिबाधित महिला शिक्षक के मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार करे जिसे पूर्व में आवंटित आवास को खाली करने के लिए कहा गया है जबकि वह अपनी शारीरिक अक्षमता की वजह से मुश्किल का सामना कर रही है। हाईकोर्ट को सूचित किया गया कि विश्वविद्यालय ने याचिकाकर्ता के लिए एक वैकल्पिक आवास चिह्नित किया है, लेकिन उसके लिए अभी वहां जाना मुश्किल होगा क्योंकि स्नानागार में कोई दरवाजा नहीं है और प्रवेश द्वार को बंद करने के लिए कोई उचित कुंडी नहीं लगी है। याचिकाकर्ता के वकील ने परिसर में किए जाने वाले मरम्मत कार्यों की एक सूची दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 13 फरवरी को पारित आदेश में कहा कि उम्मीद की जाती है कि विश्वविद्यालय आज से चार हफ्ते के भीतर मरम्मत कार्यों को पूरा कर लेगा। याचिका के अनुसार याचिकाकर्ता 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित है और दिल्ली विश्वविद्यालय में कला संकाय के दर्शनशास्त्र विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा जारी तीन अक्टूबर, 2023 के पत्र को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें विश्वविद्यालय का एक टाइप-वी आवास खाली करने के लिए कहा गया था। विश्वविद्यालय की ओर से यह कहा गया था कि जिस आवास पर महिला शिक्षक का कब्जा है उसकी जरूरत वार्डन के लिए है।